डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 01 मार्च, बुधवार, 2023





## संपादक की कलम से





हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं।



कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278




**भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की आज पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रवाद की गहरी भावना से संचालित एक दूर के नेता, उन्होंने भारत को एक आधुनिक, प्रगतिशील और समावेशी गणतंत्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

**-राहुल गांधी**

# बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की आखिरी चरण की भारत जोड़ो यात्रा होली के बाद

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की आखिरी चरण की भारत जोड़ो यात्रा होली के बाद मार्च महीने के मध्य से शुरू होगी। मंगलवार को प्रदेशकांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा॰अखिलेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ये निर्णय लिया गया। पटना के फुलवारीशरीफ से शुरू होकर यात्रा बोधगया तक पहुंचेगी।बोधगया में समापन के दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा॰अखिलेश प्रसाद सिंह को प्रियंका गांधी की तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने के स्पष्ट संकेत मिले हैं। बैठक में इस बात कीजानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह देखा गया। बिहार के

लोग भी लम्बे अरसे से प्रियंका गांधी को देखना और सुनना चाहते हैं। इस लिहाज से प्रदेश कांग्रेस की पदयात्रा का समापन कार्यक्रम बेहद अहम माना जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा॰ अखिलेश प्रसाद सिंह ने आखिरी चरण की भारत जोड़ोयात्रा के लिए संबंधित जिला अध्यक्षों प्रखंड अध्यक्षों समेत प्रदेश स्तर के नेताओं की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी और जनता के लिए काम करने वाले नेता और कार्यकर्ता ही संगठन में महत्व पायेंगे।

बैठक में पूर्व विधायक बंटी चौधरी, ब्रजेश पाण्डेय राज कुमार राजन, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रवक्त असित नाथ तिवारी, आलोक हर्ष, चन्द्रिका यादव निर्मलवर्मा,शशिभूषण राय, हरि नारायण दिवेदी डा॰ आशुतोष शर्मा, धनंजय शर्मा, सौरभ सिन्हा, ज्ञा रंजन, मृणाल अनामय, उदय शंकर पटेल, संजय यादव उपस्थित थे।








**"भारत जोड़ो यात्रा बिहार" के चौथे चरण की तैयारी को लेकर बिहार प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ Dr Akhilesh Prasad Singh जी के नेतृत्व में हुई। इस बैठक में वरिष्ठ नेतागण एवम जिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।**





**28,फरवरी,2023 को बिहार विधान सभा में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रोटेस्ट में शामिल हुआ।**




रायपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वाँ महाधिवेशन में भाग लेने पहुंचे नालंदा जिला से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिलीप कुमार , प्रदेश प्रतिनिधि पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार, उदय कुशवाहा ,नवप्रभात प्रशांत एवं अन्य।।इस अधिवेशन में पिछड़े अति पिछड़े दलित व युवाओं को 50% पार्टी में आरक्षण देने का जो फैसला रहा बहुत ही अहम रहा इसके लिए शीर्ष नेतृत्व का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करता है नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के सारे सदस्य गण।



**मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सदस्य @त्रिइं828 जी को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।-डॉ. समीर कुमार सिंह**




**महान स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, संविधान सभा के अध्यक्ष, भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं "भारत रत्न" डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। देश के लिए डॉ राजेंद्र प्रसाद जी का संघर्ष, त्याग, सादगी एवं कर्तव्यनिष्ठा हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है।**

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**


# जमीं पर रहने वालों ने जिनकी कद्र कम कर दी, जमीं से ले गए उनको उड़ाकर आसमां वाले

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**


स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति व भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में बेगूसराय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार 28 फरवरी 2023 को मनाया गया। कांग्रेस भवन में डा. राजेन्द्र प्रसाद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व विचारों का आदान–प्रदान किया गया।इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव श्री साबर कुमार ने किया।भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसा परिवार है जो अपने पुरोधा व विभूतियों की जयंती व पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें नमन करता है। इसका कारण है कि कांग्रेस के कई हस्तियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश की आजादी में बलिदान दिया है, उन्हें आने वाली पीढ़ियों को बताने की जरूरत है कि किस तरह इन विभूतियों ने संघर्ष कर देश को आजाद कराया है। श्री साबर कुमार ने आगे कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद जी देश की आजादी में महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान दिया, जिसके कारण उन्हें स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनाया गया। राष्ट्रपति बनने के बाद भी सादगीपूर्वक पूर्ण जीवन के कारण काफी लोकप्रिय हुए और उनके व्यक्तित्व व विचारों के कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए गए।




सादगी की मिसाल और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व हर किसी को हमेशा से प्रभावित करता रहा। महात्मा गांधीजी के अनुयायी रहे डॉ. प्रसाद ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के साथ चंपारण सत्याग्रह में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य व भारत जोड़ो यात्रा कॉर्डिनेटर कुमार रत्नेश टुल्लू, बेगूसराय ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, सेवादल के जयप्रकाश गुप्ता, प्रभांशु कुमार बिट्टू, नगर अध्यक्ष श्री ब्रजेश कुमार प्रिंस, युवा कांग्रेस महासचिव राघव कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री मिथिलेश सिंह, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार आदि दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**श्रीमती कमला नेहरु जी उन महान क्रांतिकारियों में से एक थी जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। वे जेल गईं, सविनय अवज्ञा में शामिल हुईं, नमक सत्याग्रह में शामिल हुईं, हमेशा अपनी बीमारी और तकलीफें छिपाकर आंदोलन के साथ खड़ी रहीं, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए सड़कों पर खद्दर बेचा, स्वराज भवन में घायल क्रांतिकारियों की सेवा की, महिलाओं के संगठन खड़े किए और महिला नेतृत्व को दिशा दी। देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ त्याग देने वाली ऐसी महान क्रांतिकारी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत–शत नमन।- प्रियंका गांधी**



**प्रधानमंत्री ने 'फॉरेन पॉलिसी' को 'मित्र पॉलिसी' में बदलकर मित्र को विदेशों में फायदा पहुंचाया। ये संयोग नहीं हो सकता कि एक ही व्यक्ति को विदेशों में कॉन्ट्रैक्ट मिले। देश पर हो रहे भाजपाई प्रयोग को Rahul Gandhi जी ने बेनकाब किया।**

# मीनापुर में प्रथम राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी की 60 वीं पुण्य तिथि

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

मीनापुर आज दिनांक 28 फरवरी 2023 को मानिकपुर स्थित प्रखंड कांग्रेस कमिटी कार्यालय मे प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अजित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक पुण्यतिथि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी की 60 वीं पुण्य तिथि एवं समाज सुधारक संत बाबा गाडगे जी महाराज की 147 वी जयन्ती के अवसर पर दोनो महापुरुषो के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर मनाई गई । इस अवसर पर श्री सिन्हा ने राजेन्द्र बावु और बाबा संत गाडगे महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से





चर्चा करते हुए कहा की संत गाडगे बाबा कहते थे, कि जहां मेरी मृत्यु हो जाए वही पर मेरा अंतिम संस्कार कर देना ' पैसा की तंगी हो तो खाने की बर्तण बेच दो , लेकिन बच्चों की शिक्षा मत रोको। साथ ही राजेन्द्र बावु का देश की उन्नति में जो योगदान है उसे भुलाया नहीं जा सकता । आज पूरा देश उनको नमन कर रहा है। कार्यकर्ताओं से दोनों महापुरुषों के बताए हुए रास्तों पर चलने का आह्वान किया । मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम किशोर सिंह, पुर्व अध्यक्ष तौहिद आजाद, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि लोक क्रांति यादव, रवि शंकर राय, वीरेंद्र कुमार पंडित, राधे कृष्ण पटेल , श्याम प्रसाद कुशवाहा,विजय कुमार, मो रहमत खान, सत्तार अंसारी,बिक्की कुमार, अशोक राय,अर्जुन रजक,,लालू अंसारी, आदि दर्जनों नेता गण उपस्थित थे '


# बिहार बजट 2023 बिहार को उच्च शिखर पर ले जाएगा

सर्व प्रथम तो गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बिहार बजट का आकार बड़ा हुआ है।गतवर्ष बिहार का बजट2,37,691करोड़ रुपये था।इसबार यह बजट बढ़कर2,62,885करोड़ कर दिया गया है।बेरोजगार युवाओ के लिए10लाख नॉकरी का अवसर प्रदान करने, महिलाओं को स्त्र2 की तैयारी के लिए1.5डेढ़ लाख, तलाक सुदा महिलाओं के लिए25हजार आर्थिक सहायता, जीविका द्वारा महिला स शक्ति करण एवं आर्थिक विकास लाने का भरपूर प्रयास किया गया है।कुल मिलाकर महागठबंधन सरकार द्वारा प्रेषित बजट सरहानीय एवं स्वागत योग्य है।

**-सुरेश प्रसाद यादव ,अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी सोशल मीडिया बाँका।**





# महाधिवेशन से लौटे कांग्रेस प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत

## सेवा, संघर्ष और बलिदान, सबसे पहले हिन्दुस्तान का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे कांग्रेसी



पटना।कांग्रेस दर्पण

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन में हिस्सा लेकर सीतामढ़ी लौटे प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधियों का जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहन कुमार के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने सीतामढ़ी जंक्शन परिसर में प्रदेश प्रतिनिधि रकटू प्रसाद, संजय कुमार बिररख, शम्स शाहनवाज, डॉ.राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, रोशन झा बिट्टू को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। युवा कार्यकर्ता मल्लिकार्जुन खरगे-सोनिया गांधी-राहुल गांधी जिन्दाबाद, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद का नारा लगा रहे थे।

इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि रकटू प्रसाद और शम्स शाहनवाज ने कहा कि रायपुर महाधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सेवा, संघर्ष और बलिदान, सबसे पहले हिन्दुस्तान का संकल्प दिलाया है। हम कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए घर-घर जाएंगे और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाएंगे। बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी। मुट्ठीभर पूंजीपतियों के हाथों देश की संपत्तियों का सौदा करने वालों का पर्दाफाश करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। छद्म राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाले भाजपाइयों से मुकाबला और आगामी लोकसभा चुनाव में जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने को कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है।

मौके पर युवा कांग्रेस नेता राहुल रमेश गुप्ता, राजीव कुशवाहा, गुलशन मिश्रा, राहुल कुमार, अख्तर रजा खान, संजय सिंह, मो. गुलाब, मो. मकसूद, वैदेही शरण यादव, सेराज अहमद, तनवीर खान,बैद्यनाथ पासवान, रंजीत कुमार गुप्ता, संजीव कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद की 60 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



पटना।कांग्रेस दर्पण

देशरत्न भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद जी की 60 वीं पुण्यतिथि गया के स्थानीय टावर चौक स्थित उनके प्रतिमा के समक्ष मनाई गई।

सर्वप्रथम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात् उनके व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा की देशरत्न, भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान अधिवक्ता, सादगी के प्रतीक, मृदुभाषी महामानव थे, जिन्होंने दो बार देश के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किए। इनका संविधान बनाने से लेकर भारत गणतंत्र के चौमुखी विकास में दिए गए योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता।

डा मदन कुमार सिन्हा ने कहा की आज हम बिहारियो का सीना गौरव से चौड़ा हो जाता है, जब हम बिहार के मिट्टी के लाल राजेंद्र बाबू के कमाल और विद्वता की बाते सुनते है, जरूरत है युवाओं को इनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर आत्मसात करने की।

कार्यक्रम को राम प्रमोद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, मुरारी शर्मा, मो समद, असरफ इमाम, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिन्हा आदि ने संबोधित करते हुए कहा की देशरत्न डा राजेंद्र बाबू का पारिवारिक रिश्ता गया से रहने के बाबजूद अभी तक वर्षो से प्रस्तावित गया समाहरणालय तिनमुहानी पर उनकी आदम कद प्रतिमा स्थापित नहीं हुआ है, इसलिए राज्य सरकार एवम् स्थानीय प्रशासन अविलम प्रतिमा स्तापना पर पहल करे।

# जम्मू कश्मीर के विशेषाधिकार में पंडित नेहरू की भूमिका

पटना।कांग्रेस दर्पण

कुपढों की एक टोली द्वारा अक्सर यह कहा जाता है कि पंडित नेहरू ने जम्मू कश्मीर को विशेषाधिकार देकर देश का बहुत बडा नुकसान कर दिया । लेकिन सच्चाई इससे एकदम भिन्न है । आज हम इन्हीं विषयों पर चर्चा करते हैं....

बात नवम्बर 1949 की है जब भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया जा रहा था और जब सरदार पटेल ने इसे देखा तो उन्होंने जम्मू कश्मीर को एक विशेष किन्तु संक्रमण कालीन दर्जा दिया।इस दर्जा को संविधान में धारा 370 के रुप में पटेल के कहने पर दर्ज कर लिया गया।26 जनवरी 1950 को इसपर राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से इसे अंतिम रूप दिया गया ।

(श्रोत ..प्रसिद्ध खोजी पत्रकार पियुष गोयल की हाल में प्रकाशित पुस्तक नेहरू मिथक और सत्य)

धारा 370 ,371 आदि अनेक धाराओं में काफी समानता है जो पूर्वोत्तर के राज्यों में लागू है ।

बी. शंकर और सरदार पटेल केबीच हुए पत्र व्यवहार मे लिखे पत्र में बी शंकर लिखते हैं कि ₹ जम्मू कश्मीर के सम्वन्ध में सरदार की एक उल्लेखनीय सिद्धि यह है कि उन्होंने भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 जुडवाया जो भारत के साथ कश्मीर राज्य के सम्वन्ध की व्याख्या करता है । जिस समय संविधान में धारा 370 जुडवाया जा रहा था उस समय पंडित नेहरू अमेरिका में थे । कांग्रेस पार्टी ने संविधान सभा में इस अनुच्छेद के मसौदे का जोरदार ढंग से विरोध किया था और विरोध हिंसक हो उठा था ।कांग्रेस पार्टी कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देना नहीं चाहती थी । कांग्रेस के इस अप्रत्याशित विरोध से गोपाल स्वामी अयंगर हतप्रभ हो गये और उन्होंने सरदार पटेल से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया ।नेहरू की अनुपस्थिति में सरदार पटेल ने कांग्रेस को अपना रवैया बदलने पर मजबूर किया । बी शंकर अपने पत्र में कहते हैं कि सरदार पटेल की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है।

(श्रोत.. नेहरू मिथक और सत्य लेखख पियुष गोयल)


आजाद भारत के लिए पंडित नेहरू का सपना आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत था जिसके लिए उन्होंने दिनरात कठिन परिश्रम कर अपने सपनों का भारत बनाया और एक ऐसा भारत बनाया जिसमे अनेक रंगों अनेक भाषाओं अनेक सभ्यताओं और संस्कृतियों तथा अनेक धर्मों एक सूत्र में बांध कर भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया बल्कि एक समृद्ध और सुसंस्कृत भारत बनाया ।

आज पंडित नेहरू का सपना खंडित हो रहा है नेहरू के सपनों का भारत विखर रहा है और सरकार में बैठे लोग खुले मंच से पंडित नेहरू को हर दृष्टि से नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं झूठी कहानियां गढ कर नेहरू को बदनाम कर रहे हैं ।


वो सारी सम्पदायें बेची जा रही हैं जो पंडित नेहरू ने तिनके तिनके जोड कर खडा किया था ।देश ऐसी विषम परिस्थितियों के मुहाने पर खडा है जहां से सिर्फ कांग्रेस और कांग्रेस की विचारधारा ही देश को नयी और समृद्धि का दिशा दे सकती है तो आइए कांग्रेस के विचारों से जुडे और एक खुशहाल और भाईचारे का भारत बनायें ।जय हिन्द..जय भारत ..जय कांग्रेस।

**अजय कुमार झा**
**कांग्रेस नेता**
**164 तारापुर विधानसभा क्षेत्र**
**(मुंगेर) बिहार ।**






बिहार के लाल,भारत के पहले राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी पुण्यतिथि पर हम सब स्मरण और नमन करते हैं। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया जिसने हमें हमारे लोकतंत्र, हमारे संविधान की आत्मा दी।





बिहार प्रदेश कांग्रेस परिवार बहादुर स्वतंत्रता सेनानी कमला नेहरू जी को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण और नमन करती है। महिला सशक्तिकरण का प्रतीक,वह उन पहले स्वतंत्रता सेनानियों में से थीं ,जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी और अन्य महिलाओं से संघर्ष में शामिल होने का आग्रह किया।









# कांग्रेस ने संसद से सड़क तक जनता की आवाज बनकर निभाई जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका ! इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

पटना। कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी ने जिम्मेदार विपक्ष के रूप में संसद से सड़क तक जनहित में बखूबी अपनी भूमिका निभाई है और इसी को आधार बनाकर पार्टी इस साल होने वाले विधानसभाओं के चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता के बीच जाएगी।

कांग्रेस पार्टी की हर गतिविधि जनता की भावना के अनुकूल रही है और उसने जनहित के मुद्दों पर सरकार को संसद से सड़क तक घेरकर जनता के हित में कदम उठाने को कई बार मजबूर भी किया है। हर आंदोलन में और जनता के हर मुद्दे पर कांग्रेस ने लोगों के साथ खड़े होकर उनका साथ दिया और इससे पार्टी में और अधिक आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतंत्र को बचाए रखने में विपक्ष एक मजबूत तंत्र होता है और कांग्रेस ने संसद में जनता की आवाज बनकर एक मजबूत विपक्ष के रूप में लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। सरकार को संसद में देश हित से जुड़े मुद्दों पर झुकने को मजबूर किया और सड़कों पर उतरकर दुनिया का सबसे बड़ा जन अभियान चलाया। संसद में सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है। विपक्षी नेताओं के भाषणों के अंश हटाए हैं, बोलने की आजादी नहीं दी, विपक्ष के मुद्दों को तबज्जो नहीं दी और बड़े बहुमत का फायदा उठाने का हर बार प्रयास किया इसके बावजूद कांग्रेस की आवाज नहीं दबाई जा सकी।

कांग्रेस पार्टी ने संसद ही नहीं सड़कों पर उतरकर भी दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। संसद तथा संसद के बाहर जनता की आवाज बनी और उनके सवाल उठाए हैं। उदयपुर चिंतन शिविर में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का निर्णय लिया तो कुछ ही माह बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी ने पैदल यात्रा की जो देश में जनता से संवाद कर यह दुनिया का सबसे बड़ा जन आंदोलन बना।



पार्टी की गतिविधियों और विपक्षी दल की सफल भूमिका में लोकतंत्र किस तरह से मजबूत है इसका उदाहरण कांग्रेस अध्यक्ष का सफल चुनाव है जिसमें 9000 प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर कांग्रेस अध्यक्ष का सफल निर्वाचन किया गया। इस चुनाव में सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक तरीके से पार्टी के अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। इसी तरह से पार्टी ने संसद में विपक्ष की सफल भूमिका निभाई, भारत जोड़ो यात्रा का सफल आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुड़े, रायपुर में महाधिवेशन का आयोजन किया और अब जनता से सीधे संवाद के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पूरे देश में चल रहा है।कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने छत्तीसगढ़ में न्याय योजना शुरु की, राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना शुरु की।

भाजपा सरकार का जबरदस्त बहुमत है, लेकिन कांग्रेस ने संसद में सरकार को कई मुद्दों पर सही दिशा में चलने को मजबूर किया है। यहां तक किसानों को लूटने के लिए बना काला कानून किसानों ने वापस लेने के लिए सरकार पर आंदोलन कर दबाव बनाया लेकिन कांग्रेस किसानों के साथ रही है और सदन में इसको लेकर सरकार को कानून वापस लेने के लिए मजबूर किया है।कांग्रेस ने संसद ही नहीं सड़कों पर उतरकर भी जनता के मुद्दे उठाए हैं और जनता को उनका हक दिलाया है। काले कृषि कानून हो या सीएए कानून को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन हो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज को बुलंद किया और सरकार को जनहित के फैसले लेने के लिए मजबूर किया और यही एक मजबूत तथा जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका होती है।राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन उदयपुर चिंतन शिविर के संकल्प के अनुसार किया जो 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए 3700 किलोमीटर पैदल चलकर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पूरी की। इस यात्रा के माध्यम से श्री गांधी ने देश की जनता के आंसू पोंछने का काम किया और उनकी उम्मीद बने। यही वजह है कि देश के लाखों कराड़ों लोग इस यात्रा से जुडे और यह दुनिया का सबसे बड़ा जन संपर्क अभियान बना।कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष खडगे के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार से अडानी समूह को लेकर जो सवाल पूछे हैं उन पर मोदी सरकार मौन है। श्री मोदी संसद में लम्बा भाषण देते हैं, लेकिन इस बारे में कुछ नहीं बोलते। इस सरकार का कोई मंत्री अडानी घोटाले को लेकर एक शब्द नहीं बोलता। भले ही सरकार इस महाघोटाले के बारे में चुप्पी साधे हो, लेकिन लोगों के सवालों को कांग्रेस ने बेखौफ होकर उठाया है और एक सफल विपक्ष के रूप में जनता की आवाज बनी है।

रायपुर महाधिवेशन में महिलाओं, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों, कमजोर वर्गों, किसान आदि के लिए जो प्रस्ताव पारित हुए हैं वह सामाजिक बराबरी का नया आधार बना है। इसमें बड़ी बात यह है कि उदयपुर संकल्प के अनुसार युवाओं को पार्टी संगठन में तरजीह देते हुए पार्टी संगठन में 50 प्रतिशत सीटें युवाओं को देने का फैसला लिया गया है।महाधिवेशन में यह भी संकल्प लिया गया है कि पार्टी 2024 के चुनाव में पूरी शिद्दत और आत्मविश्वास के साथ जनता के बीच जाएगी और अपनी उपलब्धियों को गिनाएगी हिमाचल प्रदेश में सरकार न्याय, पुरानी पेंशन तथा अन्य जनहित के काम कर रही है। इससे जनता का कांग्रेस पर भरोसा बढ़ा है और उसके इस बढ़े विश्वास को देखते हुए कांग्रेस जनता के बीच 2024 के आम चुनाव में वोट मांगने भी जाएगी।

2004 से 2014 के बीच महत्वपूर्ण कार्य हुए कांग्रेस सरकार ने इस अवधि में 27 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का काम किया। जनता को भोजन का अधिकार, मनरेगा, शिक्षा का अधिकार देकर जल जंगल की बात की और जनता के हित में हर कदम पर निर्णय लिए हैं।

कांग्रेस फालतू के दावे और जुमले नहीं करती है। पार्टी ने विपक्षी दल के रूप में प्रखरता से सरकार को जन विरोधी फैसले वापस लेने के लिए काम किया है। उससे कांग्रेस के हौसले बढ़े हैं और आने वाले समय में राज्य विधानसभाओं के महत्वपूर्ण चुनावों के बाद आम चुनाव होंगे तो कांग्रेस इन मुद्दों पर जनता के बीच जाएगी और सरकार की नाकामयाबी गिनाएगी।



कुर्था विधानसभा क्षेत्र के बंसी गांव निवासी भिंडर यादव जी के यहां तिलक समारोह में शिरकत करते कांग्रेस नेता राम विनय सिंह यादव, डोमन यादव , बखोरा यादव, रंजीत तिवारी



**प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का पुण्यतिथि बड़हिया प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष एंव कांग्रेसी जन**

# व्यक्ति विशेषः- प्रो० मो० नेहाल

## (संस्थापक कुलसचिव, अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय व दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया, बिहार सह पूर्व विकास पदाधिकारी, मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा)

पटना।कांग्रेस दर्पण

**● सेवानिवृति के मौके पर डॉ0 चंदन ठाकुर की विशेष प्रस्तुतिः-**

लनामिवि दरभंगाः- जी हां यकीनन आज एक ऐसा आचार्य हमारे परिचर्चा के केंद्र बिंदु में हैं जिनकी पहचान धर्म से भी ऊपर अध्यात्म के दुनिया से जुड़ी हुई हो, जिनके प्रशासनिक कौशल की तारीफ स्वयं नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कर चुका हो, चमकता ललाट मानो चंद्रमा अपना आभा बिखेर रहे हों, धैर्य व गहराई इतनी मानों हिम से लेकर सागर तक उनमें समा जाय, हिंदी, इंग्लिश, उर्दू , अरबिक व मैथिली भाषा साहित्य के शैली पर ऐसी पकड़ मानों 20 वीं सदी के दिनकर से लेकर 21 वीं सदी के कुमार विश्वास आपके सामने खड़ा हो, विचारों में शालीनता, सादगी व सारगर्भिता इतनी मानो पूर्व राष्ट्रपति डॉ० अब्दुल कलाम के वो प्रतिबिंब हों, आसीन पदों की संख्या इतनी मानो आलेख कभी खत्म न हो, विद्वता इतनी मानों छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों में जिनका क्रेज अंबर को स्पर्शित करता हो, सर्वधर्म समभाव में जो न केवल विश्वास रखता हो बल्कि उसे आत्मसात कर गुरुकुल का एक कर्तव्यनिष्ठ आचार्य हो, कितना लिखूं ओवरऑल उनके जीवन के सार को कहें तो साक्षात ईश्वर मनुष्य के रूप में धरा पर अवतरित हुआ हो, वो कोई और नहीं मिथिला विश्वविद्यालय का स्थापित चेहरा व आचार्य कुल के परंपरा का आजीवन निर्वाह करनेवाले प्रो० मो० नेहाल हैं।

तत्कालीन बिहार व वर्तमान झारखंड के पोरैया हाट, गोड्डा जिला में पिता मो० अब्दुल हई व माता आसिया बेगम के घर 15 फरवरी 1958 ई० को जिस नौनिहाल का प्राकट्य हुआ वो कोई और नहीं शैक्षणिक जगत के चिराग प्रो० मो० नेहाल हैं। वो मुख्य रूप से बिहार के सारण जिला के छपरा के सहरसाओ गाँव के मूल निवासी हैं।

शैक्षणिक बैकग्राउंड पर नजर डालें तो पिता मो० अब्दुल हई का नाम एक ईमानदार पुलिस इंस्पेक्टर की सूची में शुमार होने के कारण उनका तबादला बराबर होता ही रहता था जिसका असर प्रो० नेहाल के छात्र जीवन पर भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पड़ता रहा। छात्र जीवन में प्रो० नेहाल को पिता के बराबर तबादले के कारण उन्हें हर साल स्कूल बदलना पड़ता था और नये शहर के माहौल में खुद को ढ़ालना होता था। उनके विलक्षण प्रतिभा को देखते हुए उनका सीधक दाखिला 5 वीं क्लास में जामताड़ा में मिला, 6 ठी क्लास मुंगेर के जमालपुर, 7 वीं की बोर्ड जमुई, 8 बी० के० डी० जिला स्कूल, लहेरियासराय, दरभंगा, 9 वीं केजरीवाल हाई स्कूल, झंझारपुर, मधुबनी से व 10 वीं रोसड़ा हाई स्कूल, समस्तीपुर से 1972 ई० में पूरा किया। प्राथमिक शिक्षा से लेकर पीएच०डी० तक















का सफर प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन अंक से तय कर सदैव अगली कतार में बने रहे। चंद्रधारी मिथिला विज्ञान महाविद्यालय से क्रमशः 1974 ई० व 1976 ई० में विज्ञान संकाय (बायो) में प्रथम श्रेणी से इंटर व स्नातक जंतु विज्ञान (प्रतिष्ठा) विषय में प्रतिष्ठित हुए और 1978 बैच में विश्वविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग, मिथिला विश्वविद्यालय में मास्टर की डिग्री से नवाजे गये। आगे की पढ़ाई के लिये वो इसके बाद देश की राजधानी लुटियंस की दिल्ली चले गये। लाइफ साइंस विषय में देश के प्रतिष्ठित शीर्ष जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से 1982 बैच में ₹सम आस्पेक्ट ऑफ सेल्स फ्यूजन स्टडीज मेडीयेटेड बाय पालिथिलीन ग्लायसोल₹ विषय पर एम० फिल व 1988 बैच में ₹बायोकेमिकल चेंजेज इन रेड ब्लड सेल्स ट्रीटेड विद इंसुलिन एंड थायराइड₹ विषय पर पीएच०डी० की उपाधि से सम्मानित हुए। 1988-89 बैच में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के बायोकेमेस्ट्री विभाग से ₹डायबिटीज एंड एजिंग₹ विषय में उन्होंने पोस्ट डॉक्टरल पूरा किया। एम०फिल० के दौरान ही उनके प्रतिभा को नया आयाम मिला और वो 9 नवंबर 1982 को जंतु विज्ञान विषय में सहायक प्राध्यापक के पद पर मिथिला विश्वविद्यालय में अपना योगदान दिया और ठीक 8 साल बाद 9 नवंबर 1990 को यूजीसी मेरिट प्रमोशन स्कीम के तहत सह-प्राध्यापक (रीडर) व 9 नवंबर 1998 को इसी यूजीसी मेरिट प्रमोशन स्कीम के तहत प्राध्यापक के पद पर उनका पदोन्नति हुआ।

प्रशासनिक कार्यकुशलता का उनका इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में उकेरा गया है। 17 मार्च 2004 से 19 मार्च 2007 तक वो मिथिला विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी के पद पर विराजमान रहे। इसी दौरान 1 जून 2005 को मिथिला विश्वविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट कोर्स जरा विज्ञान के संस्थापक प्रभारी बने। इसरो द्वारा मिथिला विश्वविद्यालय में स्थापित सेटेलाइट इंटरेक्टिव टर्मिनल के प्रभारी के पद पर सुशोभित हुए। 24 जुलाई 2010 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने उन्हें तत्कालीन केंद्रीय विश्वविद्यालय, पटना, बिहार के संस्थापक कुलसचिव के पद पर आसीन किया।जो वर्तमान में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के नाम से जाना जाता है। इसी दौरान प्रो० नेहाल को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के कुलपति चयन के लिये उन्हें नोडल ऑफिसर बनने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त है। 2 जून 2015 को नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री सह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नालंदा विश्वविद्यालय के तत्कालीन चांसलर डॉ० अमर्त्य सेन ने नालंदा विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलसचिव का बागडोर उन्हें सौंपा। 5 दिसंबर 2016 से अगले चार वर्षों तक डॉ० अब्दुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा के निदेशक के पद को संभाला।

ऐसे गरिमामयी शिक्षक जब आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं तो यकीनन ये भावुक पल है। उन्होंने न केवल अपने बेदाग करियर का सफर पूरा किया बल्कि अपने ज्ञान और ऊर्जा से विभाग, विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालयों को भी प्रकाशित करने का काम किया। उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर विश्वविद्यालय में आभार सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रति कुलपति प्रो० डॉली सिन्हा, कुलसचिव प्रो० मुश्ताक अहमद ने शिरकत किया और सबों ने उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की और विभाग के विकास में उनके योगदान का विशेष जिक्र किया। अंत में प्रो० नेहाल ने अपने संबोधन में अपने लंबे अनुभवों का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति विशेष आभार भी प्रकट किया। आभार सह सम्मान समारोह मिथिला विश्वविद्यालय के कुलानुशासक सह क्रीड़ा पदाधिकारी सह नव नियुक्त जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो० अजय नाथ झा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जबकि मंच संचालन विभागीय शिक्षिका डॉ० पारुल बनर्जी ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शिक्षक गण, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान इनकी अर्धांगिनी सबीहा नसीम व पुत्री डॉ० मदीहा व अनम भी उपस्थित रही।

तो अंत में प्रो० मो० नेहाल को बेदाग शैक्षणिक सफर पूरा करने के लिये मेरी ओर से बधाई प्रेषित करता हूँ व उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की ईश्वर से प्रार्थना निवेदित करता हूँ।

तो आज इस सेवानिवृत्ति के वेला पर आपके लिये किसी लेखक का एक लाइन उद्धरित करते हुए सबों से विदा लेता हूँः-

**समर में घाव खाता है उसी का मान होता है।**
**छिपा उस वेदना में अमर बलिदान होता है।।**
**सृजन में चोट खाता है छेनी और हथौड़ी का।**
**वही पाषाण मंदिर में कहीं भगवान होता है।।**